निगम के लिए संभव नहीं था। तथापि, बदरपुर के कर्मचारियों को, गृह निर्माण के लिए ऋण सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह प्रस्ताव किया गया है कि चालू वर्ष के दौरान इस प्रयोजन के लिए निधि का प्रावधान किया जाए।

(ग) बदरपुर ताप विद्युत् केन्द्र और परियोजना को छोड़ कर, राष्ट्रीय ताप विद्युत् निगम की सभी परियोजनाओं के लिए वर्ष 1979-80 के बजट में 15.19 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया था। चालू वर्ष (1980-82) के लिए 24 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया है, बदरपुर से सम्बन्धित प्रस्ताव इसमें शामिल नहीं हैं।

आकाशवाणी दिल्ली में हिन्दी तथा अंग्रेजी कार्यक्रमों के लिए निर्धारित समय

3413. **श्री भीखाभाई** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी के दिल्ली "क" और दिल्ली "ख" स्टेशनों से हिन्दी तथा अंग्रेजी कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग कितना समय निर्धारित है;

(ख) अंग्रेजी कार्यक्रमों को अधिक समय देने के क्या कारण हैं जबकि हिन्दी कार्यक्रम सुनने वालों की संख्या तुलनात्मक रूप से अधिक है; और

(ग) क्या हिन्दी कार्यक्रमों की लोकप्रियता को देखते हुए हिन्दी कार्यक्रमों के समय को बढ़ाने का विचार है, यदि हां, तो कितना समय बढ़ाया जायेगा और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा) : (क) दिल्ली केन्द्र के "क" और "ख" चैनलों पर प्रसारित दैनिक कार्यक्रमों का भाषा-वार ब्योरा नीचे दिया गया है (इसमें वाद्य-संगीत की अवधि शामिल नहीं की गई है) :—

	दिल्ली "क"	दिल्ली "ख"	योग
	मिनट	मिनट	मिनट
हिन्दी . .	694	240	934
अंग्रेजी . .	5	317	322
पंजाबी . .	10	80	90
उर्दू . .	35	30	65
संस्कृत . .	10	--	10
अन्य . .	13	30	43

(ख) और (ग). ऊपर (क) से यह देखा जा सकेगा कि अंग्रेजी के कार्यक्रमों को अधिक समय नहीं दिया जा रहा है। हिन्दी के कार्यक्रमों की वर्तमान मात्रा को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

हिन्दी फिल्मों का निर्यात

3414. **श्री भीखाभाई** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान किन-किन देशों को हिन्दी फिल्मों का निर्यात किया गया और प्रत्येक देश को कितनी-कितनी फिल्मों का निर्यात किया गया;

(ख) उन फिल्मों के नाम क्या हैं और उनके निर्माताओं का ब्योरा क्या है; और

(ग) इन फिल्मों के निर्यात से विदेशी मुद्रा की कितनी आय हुई और इनका प्रदर्शन किन-किन देशों में हुआ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा) : (क) से (ग). सूचना एकत्र की जा रही है और उसको सदन की मेज पर रख दिया जाएगा।

अंग्रेजी फिल्मों का आयात

3415. **श्री भीखाभाई** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत 3 वर्षों के दौरान कितनी अंग्रेजी फिल्मों का आयात किया गया;

(ख) देश में अंग्रेजी फिल्मों का आयात करने वाले वितरकों के नाम क्या हैं; और

(ग) कुल आयातित फिल्मों में से कितनी फिल्मों को सेन्सर बोर्ड द्वारा प्रदर्शन के लिए पास नहीं किया गया?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा) : (क) गत तीन वर्षों के दौरान अंग्रेजी की 352 फीचर फिल्मों का निम्नानुसार आयात किया गया था :—

1977-78 . .	103
1978-79 . .	140
1979-80 . .	109